निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई,
उद्योग निदेशालय उत्तराखण्ड, मोपालपानी, देहरादून

संख्याः 876 / ई0निवि0सह ई0नीला0 / भू0खनि0ई0 / 2017–18 दिनांकः 06 फरवरी, 2018

जनपद पिथौरागढ़, उत्तरकाशी, रूद्रप्रयाग, हरिद्वार एवं पौड़ी गढ़वाल के 05.00 है0 तक के क्षेत्रफल के कुल 85 खनन लॉटों को ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से आवंटन हेतु विज्ञापन–

भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उद्योग निदेशालय उत्तराखण्ड, देहरादून के विभागीय वेब पोर्टल www.dgm.uk.gov.in पर वैध पंजीकृत बिडर्स हेतु जनपद पिथौरागढ़, उत्तरकाशी, रूद्रप्रयाग, हरिद्वार एवं पौड़ी गढ़वाल के 05.00 है0 तक के क्षेत्रफल के कुल 85 घोषित रिक्त उपखनिज क्षेत्रों को उत्तराखण्ड उप खनिज (परिहार) (संशोधन) नियमावली, 2017 के सुसंगत नियमों के अधीन ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से परिहार पर स्वीकृत किये जाने हेतु पारदर्शिता पूर्ण कार्यवाही किये जाने के लिए भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की वेबसाईट www.dgm.uk.gov.in पर ई–निविदा सह ई–नीलामी की प्रकिया को निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई के आदेश संख्या 856 / ई0निवि0सहई0नीला0 / भू0खनि0ई0 / 2017–18, दिनांक 29 जनवरी, 2018 में अभिलिखित कारणों से निरस्त करते हुए उपरोक्त वर्णित सम्बन्धित जनपदों के स्थायी निवासी अथवा स्थायी निवासियों की समिति, जो कोआपरेटिव सोसाईटी एक्ट में पंजीकृत हो, हेतु ई–निविदा सह ई–नीलामी निम्नानुसार पुनः आमंत्रित किये जाने हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जाता है :–

तलिका–1

| प्रथम चरण (ई–निविदा)– (दिनांक 07.02.2018 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 14.03.2018 तक अपराह्न 05:00 बजे तक) | |
|---|---|
| विज्ञापन प्रकाशन | दिनांक 07.02.2018 (बुधवार) |
| uktenders.gov.in पर निविदा अपलोड की तिथि | दिनांक 08.02.2018 (वृहस्पतिवार) सायं 5:00 बजे |
| विभागीय वैबसाइट www.dgm.uk.gov.in में पंजीकरण हेतु आवेदन करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 21.02.2018 (बुधवार) सायं 5:00 बजे तक |
| uktenders.gov.in पर ई निविदा के लिये निविदा दिये जाने हेतु पंजीकरण की अवधि एवं समय– | दिनांक 28.02.2018 (बुधवार) तक सांय 02:00 बजे तक |
| प्री बिड बैठक की दिनांक एवं समय | दिनांक 16.02.2018 (शुक्रवार) मध्याह्न 12:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे –भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई के मुख्यालय देहरादून के सभागार में। |
| प्री बिड के उपरान्त कोई संशोधन अपेक्षित हो तो तत्सम्बन्धी सूचना अपलोड किये जाने की तिथि | दिनांक 20.02.2018 (मंगलवार) को सांय 05:00 बजे तक |
| uktenders.gov.in पर ई–निविदा हेतु बिड सबमिशन की अवधि एवं समय | दिनांक 22.02.2018 (वृहस्पतिवार) प्रातः 10:00 बजे से<br>दिनांक 28.02.2018 (बुधवार) सांय 04:00 बजे तक। |
| ई–निविदा तकनीकी बोली खोलने की तिथि | दिनांक 05.03.2018 (सोमवार) पूर्वाह्न 11:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक<br>दिनांक 06.03.2018 (मंगलवार) पूर्वाह्न 11:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक<br>स्थान : भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई के मुख्यालय देहरादून के सभागार में। |
| ई–निविदा के तकनीकी मूल्यांकन की अवधि | दिनांक 07.03.2018 (बुधवार) अपराह्न 11:00 बजे से<br>दिनांक 09.03.2018 (शुक्रवार) अपराह्न 03:00 बजे तक। |
| तकनीकी बोली मूल्यांकन समिति की आख्या | दिनांक 09.03.2018 (शुक्रवार) सांय 04:00 बजे |
| तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की घोषणा | दिनांक 09.03.2018 (शुक्रवार) सांय 05:00 बजे |
| वित्तीय बोली (सफल घोषित निविदाकारों द्वारा निविदित उपखनिज की मात्रा) खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 12.03.2018 (सोमवार) मध्याह्न 11:00 बजे से प्रारम्भ एवं दिनांक 13.03.2018 (मंगलवार) मध्याह्न 11:00 बजे<br>स्थान : भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई के मुख्यालय देहरादून के सभागार में। |
| वित्तीय बोली मूल्यांकन समिति की आख्या | दिनांक 14.03.2018 (बुधवार) अपराह्न 02:00 बजे तक। |
| ई–निविदा के परिणाम की घोषणा | दिनांक 14.03.2018(बुधवार) सांय 04:00 बजे। |
| प्रथम चरण की समाप्ति | दिनांक 14.03.2018 (बुधवार) को |

ई–निविदा में वही वैध पंजीकृत बिडर्स प्रतिभाग कर सकेंगें जिन्होने उपरोक्त तालिका–1 में वर्णित dgm.uk.gov.in में पंजीकरण हेतु निर्धारित समयान्तर्गत आवेदन प्रस्तुत किया है व उनका पंजीकरण बिड सबमिशन होने की तिथि से पूर्व स्वीकार कर लिया गया है।

1. उपखनिज क्षेत्रों का विवरण–

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | उपखनिज लाटों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | पौड़ी गढ़वाल | 34 |
| 2. | उत्तरकाशी | 21 |
| 3. | पिथौरागढ़ | 12 |
| 4. | रूद्रप्रयाग | 02 |
| 5. | हरिद्वार | 16 |
| | कुल | 85 |

ई–निविदा सह ई–नीलामी मे भाग लेने से पूर्व क्षेत्र मे उपखनिज की मात्रा गुणवत्ता एवं खनन स्थल के लिए पहुँच मार्ग आदि के सम्बन्ध में मौके का परीक्षण कर बिडर स्वंय आश्वस्त हो लें। ई–निविदा सह ई–नीलामी में भाग लेने के पश्चात् इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का दावा स्वीकार नही किया जायेगा।

1. ऑनलाईन ई–निविदा डालने तथा ई–नीलामी बोलने की विधि का पूर्ण विवरण सेवा प्रदाता संस्था भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उत्तराखण्ड के वेब पोर्टल www.dgm.uk.gov.inपर देखा जा सकता है।
2. जहां किसी भी कारण से ई–निविदा सह ई–नीलामी की प्रकिया पूरी न हो वहां कम से कम 07 दिन की अल्प अवधि का नोटिस देने के पश्चात् पुनः ई–निविदा सह ई–नीलामी की जायेगी।

2. पात्रता

**खनन लाट जनपद के स्थायी निवासी अथवा स्थायी निवासियों की समिति, जो कोआपरेटिव सोसाईटी एक्ट में पंजीकृत हो, को आवंटित किया जायेगा।**

विशेष शर्तें:–

1. निविदाकार जिन्होंने जनपद के स्थायी निवासी अथवा जनपद के स्थायी निवासियों की समिति जो कोआपरेटिव सोसाईटी एक्ट में पंजीकृत हो, के रूप में पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या 696/ई–निविदा सह ई–नीलामी/भू0खनि0ई0/2017–18, दिनांक 18 दिसम्बर, 2018 के कम में आवेदन किया था, ऐसे निविदाकार पूर्व के ट्रेजरी चालान के माध्यम से जमा शुल्क तथा धरोहर राशि आदि को पुनः उपयोग कर अपलोड कर सकेंगे तथा मूल प्रतियां सम्बन्धित जनपद के विभागीय कार्यालय में अथवा मुख्यालय देहरादून में जमा करायी जानी आवश्यक होगी।
2. आवेदन हेतु जी0एस0टी0 नम्बर आवश्यक है। अतः सभी व्यक्तिगत (जनपद का स्थायी निवासी) निविदाकारों को व्यक्तिगत जी0एस0टी0नम्बर प्राप्त करना आवश्यक होगा, फर्म अथवा कम्पनी चाहे वह प्रोपराईटरी ही क्यों न हो का जी0एस0टी0 नम्बर उपयोग नहीं किया जा सकता।
3. आवेदक को विभागीय वैबसाईट www.dgm.uk.gov.in में पंजीकरण हेतु दिनांक 21 फरवरी, 2018 को सांय 05:00 बजे तक आनलाइन आवेदन किया जाना आवश्यक होगा। विभागीय वैबसाइट में आनलाइन आवेदन कर लेने उपरान्त 16 डिजिट का पंजीकरण संख्या प्राप्त करने के उपरान्त ही ईच्छुक बोलीदाता ई नीलामी में प्रतिभाग कर सकेंगे।

सामान्य अनुदेश :–

1. जहां किसी भी कारण से ई–निविदा सह ई–नीलामी की प्रकिया पूरी न हो वहां कम से कम 07 दिन की अल्प अवधि का नोटिस देने के पश्चात् पुनः ई–निविदा सह ई–नीलामी की जायेगी।
2. 5.00 है0 तक क्षेत्रफल के खनन लाट जनपद के स्थायी निवासी अथवा जनपद के स्थायी निवासियों की समिति जो कोआपरेटिव सोसाईटी एवं में पंजीकृत हो, को आवंटित किया जायेगा। उक्त लाट में न्यूनतम वर्णित अर्ह बोलीदाता उपलब्ध न होने की दशा में सम्बन्धित उपखनिज क्षेत्र राज्य स्तर के बोलीदाता हेतु 07 दिन के विज्ञप्ति के उपरान्त पुनः प्रथम चरण की ई–निविदा प्रकिया के लिए उपलब्ध होगा। यदि राज्य स्तर के वांछित न्यूनतम वर्णित अर्ह बोलीदाता उपलब्ध नहीं होते हैं तो 07 दिन की विज्ञप्ति के उपरान्त यह लाट राष्ट्रीय स्तर के अर्ह बोलीदाताओं हेतु उपलब्ध हो जायेगा।
3. ई–निविदा सह ई–नीलामी प्रकिया में प्रतिभाग करने हेतु dgm.uk.gov.in, uktenders.gov.in, eauction.gov.in में पंजीकरण प्रकिया सम्पन्न करने एवं सम्प्रेषित समस्त सूचनाओं की जिम्मेदारी इच्छुक बोलीदाता की होगी, विभाग तथा सहायक एजेन्सी इसके लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

4. इच्छुक बोलीदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसके कम्प्यूटर में "जावा" (JRE) साफ्टवेयर का वैध वर्जन आवश्यक रूप से लोड हो। वैध वर्जन uktenders.gov.in से डाउनलोड भी किया जा सकता है।
5. इच्छुक आवेदकों के लिए ऑन लाईन बिड/बोली हेतु डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (DSC) होना आवश्यक है। भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उद्योग निदेशालय उत्तराखण्ड के वेब पोर्टल www.dgm.uk.gov.in पर जाकर अर्ह आवेदक अपने पंजीकरण की कार्यवाही पूर्ण करने के पश्चात् ही ई–निविदा सह ई–नीलामी में भाग ले सकेंगे।
6. उल्लिखित विज्ञापन के सम्बन्ध में किसी प्रकार की कठिनाई के निवारण हेतु श्री एस0एल0 पैट्रिक, अपर निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई से दूरभाष (8192802321), श्री सुनील पंवार, संयुक्त निदेशक, खनन (8192802341), श्री जी0डी0 प्रसाद, उप निदेशक (8938954950), हेल्प लाईन नं0–8192802320, 8192802345 से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

निदेशक